तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

11 महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा ने देश के ...



12 जिले में धान खरीदी की तैयारी तेज, लापरवाही ...





## खबर संक्षेप

### एनएच-130 सी धवलपुर पर दिखा तेंदुआ, क्षेत्र में दहशत



**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद मुख्यमार्ग नेशनल हाईवे 130 सी में बीते रात धवलपुर राईस मिल के पास सड़क के बीचो बीच तेंदुआ दिखाई दिया। इस दौरान मैनपुर के दुर्गा ज्वेलर्स के मालिक राजू सोनी अपने कार में मैनपुर आ रहे थे। उन्होने यह तस्वीर को अपने कैमरे में कैद किया।

### इंटरनेशनल एमयूएन में एकेडमिक हाइट्स की 4 छात्राएं हुई शामिल



**नवापारा-राजिम।** एकेडमिक हाइट्स स्कूल की चार प्रतिभाशाली छात्राएं एकांशी देवांगन, सानवी बिसेन, महक बोथरा और आश्रिया मारार ने बिलासपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मॉडल यूनाइटेड नेशन कार्यक्रम में गाइड शिक्षिका ज्योतिका दावना के नेतृत्व में शामिल हुईं। तीन दिवसीय कार्यक्रम में छात्राओं ने बेहतरीन शोध, प्रभावशाली तर्क और शानदार वक्तवय कला का आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने वैश्विक मुद्दों पर गहराई से चर्चा की और समाधान प्रस्तुत किए। उनकी टीमवर्क और प्रतिबद्धता ने विद्यालय के मूल्यों को पूर्ण रूप से प्रतिबिंबित किया। प्रत्येक सत्र ने उन्हें आलोचनात्मक सोच और समझौते की कला सिखाई। उन्होंने कूटनीति, सहयोग और सम्मानजनक संवाद का महत्व समझा। यह अनुभव उनके लिए सीख और प्रेरणा से भरपूर रहा। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने स्कूल, शिक्षकों और अभिभावकों का नाम रोशन किया। ये चारों छात्र प्रमाणपत्रों के साथ-साथ जीवनभर की यादें और वैश्विक दृष्टिकोण लेकर लौटे।

### मैनपुर एसडीएम के समझाईस के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम स्थगित किया



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्त वनांचल में बसे ग्राम साहेबिनकछार, करलझर, नागेश, कोदोमाली क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं को लेकर 17 नवम्बर दिन सोमवार को नेशनल हाईवे 130 सी में ग्रामीणों ने चक्काजाम करने का चेतावनी दिया था जिसके बाद मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम एवं एसडीओपी पुलिस ओपी खुजूर एवं स्थानीय अधिकारियों ने बम्हनीझोला पहुंचकर क्षेत्र की ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हे समझाईस दिया कि आप लोगो की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और इस संबंध में एसडीएम कार्यालय मैनपुर में बैठक आयोजित किया गया जिसमे साहेबिनकछार क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकगण शामिल हुए और एक सप्ताह के लिए अपना आन्दोलन स्थगित कर दिया। इस दौरान एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने ग्रामीणों को अस्वस्थ्य किया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है शासन स्तर पर पूरा प्रयास चल रहा है जल्द ही अफसरों की टीम इन ग्रामों की निरीक्षण करेगी जिसके बाद ग्रामीणों ने एसडीएम के बातों से सहमत हुए। इस मौके पर पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम हरिशचंद यादव, दयालुराम, भोजलाल, जदूलाल, मदनराम, नरसिंह व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिले में बढ़ती ठंड का असर तेज, सड़क पर घना कोहरा, दुर्घटना का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नवंबर माह के दूसरे पखवाड़े में जिला मुख्यालय सहित अंचल में कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल दी है। वनांचल और पहाड़ी इलाकों में ठंड ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी है।

सुबह और रात की ठिठुरन लगातार बढ़ रही है, जिससे पूरे अंचल में सिहरन का माहौल है। तापमान में गिरावट के साथ ही सड़क से लेकर घर तक हर जगह ठंड का असर साफ महसूस किया जा रहा है। सुबह के समय सड़कों पर घना कोहरा छा जाता है, जिससे वाहन चालकों को रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा। कई जगहों पर विज़िबिलिटी इतनी कम हो जाती है कि रफ्तार धीमी करनी पड़ती है। ठंड बढ़ने के साथ सड़क दुर्घटना के खतरे भी बढ़ गए हैं, जिसके चलते लोग सुबह-सुबह सावधानी से यात्रा कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड से बचने लोग सुबह–शाम अलाव के सहारे शरीर गर्म कर रहे हैं। हर चौक–चौराहे पर लोग आग तापते दिखाई दे रहे हैं। गर्म कपड़ों, स्वेटर, मफलर और जैकेट की मांग अचानक बढ़ गई है। बाजारों में ऊनी कपड़ों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। नन्हे–मुन्ने बच्चे ठंड का खूब आनंद ले रहे हैं, लेकिन सुबह की स्कूल टाइमिंग में परिवारों को परेशानी हो रही है। कई बच्चे अलाव के पास बैठकर ठंड दूर करते दिख रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि सुबह की ठिठुरन में बच्चों को तैयार करना मुश्किल हो रहा है। दूसरी ओर कुछ लोग ठंड को ⏭ शेष पेज 10 पर

## ठिठुरन और बदलती दिनचर्या ने अंचल को किया प्रभावित





### सर्दी-खांसी, बुखार और जोड़ों में दर्द की शिकायतें बढ़ी

बढ़ती ठंड का प्रभाव बुजुर्गों और बच्चों पर अधिक देखा जा रहा है। सर्दी-खांसी, बुखार और जोड़ों में दर्द की शिकायतें बढ़ गई हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि गर्म कपड़े, गरम पानी और पौष्टिक आहार का सेवन करके ठंड से बचाव जरूरी है। गरियाबंद में बढ़ती ठंड अब पूरी तरह दस्तक दे चुकी है और आने वाले दिनों में तापमान और गिरने की संभावना है। ऐसे में लोगों ने खुद को मौसम से बचाने की तैयारी तेज कर दी है।

**धान खरीदी :** 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक चलेगी खरीदी, जिले के 83,445 किसान पंजीकृत

# धान खरीदी शुरू, पहले दिन तकनीकी अड़चनें, सोमवार से सुधार की उम्मीद





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शासन के मंशा अनुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सीजन 15 नवंबर से आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। सरकार ने इस वर्ष धान के लिए समर्थन मूल्य निर्धारित करते हुए पतला धान 2389 रुपये प्रति क्विंटल, मोटा धान 2369 रुपये प्रति क्विंटल और धान सरना 2369 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय की है। जिले के 90 उपार्जन केंद्रों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए कुल 83 हजार 445 कृषक पंजीकृत हैं। हालांकि खरीदी की शुरुआत तो हो गई, लेकिन पहले ही दिन सहकारी समिति कर्मचारी और प्रबंधकों की हड़ताल तथा तकनीकी कारणों से धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। कई उपार्जन केंद्रों में विभागीय सॉफ्टवेयर नहीं खुल सका, टोकन प्रक्रिया ठप रही और किसान केंद्रों का चक्कर लगाते रहे। पाण्डुका, मरौदा और कोपरा जैसे प्रमुख केंद्रों में खरीदी औपचारिक रूप से शुरू तो हुई, लेकिन सॉफ्टवेयर पासवर्ड हड़ताल पर गए कर्मचारियों के पास होने ⏭ शेष पेज 10 पर



### चरौदा उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी का श्री गणेश आज से सुधरेगी व्यवस्था

**छुईहा बेलर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ 15 नवंबर को चरौदा उपार्जन केन्द्र में अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ उत्साहपूर्वक किया गया। इस शुरुआत ने किसानों में अपने धान को समर्थन मूल्य पर बेचने की उम्मीदें जगा दी हैं। हालांकि, खरीदी के पहले दिन कुछ शुरुआती तकनीकी अड़चनों का सामना करना पड़ा। चरौदा उपार्जन केन्द्र में खरीदी शुरू होने के दौरान कम्प्यूटर और संधारण पंजी जैसी अनिवार्य सुविधाओं के संचालन में कुछ समय लगा, जिससे खरीदी प्रक्रिया में अस्थायी रुकावट आई। लगभग 500 कट्टा धान लेकर पहुंचे किसानों को भले ही थोड़ी असुविधा हुई, लेकिन प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और किसानों से ⏭ शेष पेज 10 पर

# देवभोग के 7 एनसीसी कैडेट्स ने भरी उड़ान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले के देवभोग में स्वामी आत्मानंद स्कूल स्थित 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट के चयनित 7 एनसीसी कैडेट्स को उड़ान भरने का सुनहरा अवसर मिला। सरकार ने बाल दिवस पर यह अवसर प्रदान किया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत अन्य केबिनेट मंत्रियों के मौजूदगी में कमांडिंग ऑफिसर फाइटर पायलट विंग कमांडर विवेक कुमार साहू द्वारा जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी हवाई अड्डा में ग्रामीण अंचल से चयनित छात्रों को उड़ान भराया। एनसीसी आफिसर गणेश सोनी ने बताया कि चयनित 7 कैडेट्स क्रमशरू रौनक देवांगन, खुशाल साहू, प्रशांत ध्रुव, गौरव कश्यप, चांदनी शर्मा, हंसिका अवस्थी, वैष्णवी ठाकुर ने माइक्रोलाइट वायरस एस डब्ल्यू 80 विमान में उड़ान भरकर फ्लाइंग की बारीकियां सीखी। टेक ऑफ, लैंडिंग के अलावा सर्किट पैटर्न स्कीम में बेसलेग, डाउनविंड, क्रॉसविंड लेग, आरपीएम की जानकारी भी लिया। ग्रामीण अंचल के छात्रें के लिए मिली इस बड़ी उपलब्धी के लिए संस्थान के प्राचार्य गिरीश बेहरा ने छात्रों को बधाई दिया है।

देवभोग के 7 कैडेट्स को उड़ान का अवसर मिला और आसमान से प्लाईग की तकनिकी बारिकियों को समझा कैडेटस को उड़ान के दौरान, टेक आफ लैंण्डिग, सर्किट पैटर्न बेस लेग, डाउनविंड क्रासविंड लेग, आर पी एम प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण प्लाईग प्रक्रियाओ की जानकारी दी गई ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों द्वारा हांसिल की गई। इस बड़ी उपलब्धी पर प्राचार्य गिरीश बेहरा ने कहा की यह अवसर छात्रों के आत्म विश्वास और भविष्य दोनों को नई दिशा देगा।

## साइबर ठगी से बचने के गुर, पीपरछेड़ी पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

थाना पीपरछेड़ी के तहत साइबर जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित लोगों को साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंकिंग फ्रॉड, ओटीपी शेयरिंग, फर्जी लिंक और डिजिटल सुरक्षित व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियो सरपंच लक्ष्मी दीवान,ईश्वर वर्मा,खेदुरम यादव, यशवंत वर्मा, राम सिंह वस्त्रकार, बिसरू राम नेताम, हरिचंद भुजिया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इस




जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी पीपरछेड़ी खुमान लाल साहू ने किया। उनके साथ थाना स्टाफ सुमेश ध्रुव, नागेश्वर ठाकुर सहित पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस ने लोगों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे साइबर अपराधी साधारण फोन कॉल, मैसेज, सोशल मीडिया लिंक या बैंकिंग के नाम पर लोगों को जाल में फंसाते हैं। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या ओटीपी को साझा न करें। साथ ही किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी ⏭ शेष पेज 10 पर

## 14 साल में पहली बार नवंबर के दूसरे सप्ताह में ठिठुरा अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल में इस वर्ष ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत की है। करीब 14 साल बाद पहली बार नवंबर के दूसरे सप्ताह में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया है। आम तौर पर यह स्थिति दिसंबर में आती थी, लेकिन इस बार मौसम ने जल्दी करवट ली है। अंचल में पिछले तीन दिनों से लगातार शुष्क और उत्तरी हवाएं चल रही हैं, जिसके कारण रात के तापमान में तेजी से गिरावट आई है। साल 2010 में नवंबर के दूसरे सप्ताह में न्यूनतम लगभग इतना ही था। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल 17 नवंबर तक मेज ठंड का असर बना रहेगा। इसके बाद



पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से वातावरण में नमी बढ़ेगी, जिससे नाइट टेम्परेचर में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि बारिश की कोई संभावना नहीं है और मौसम अगले एक सप्ताह तक शुष्क ही रहेगा। ला-नीनो का प्रभाव अनुकूल, ठंड ने दिखाई तेज पकड़ मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि इस बार ला-नीनो का प्रभाव अनुकूल रहा है। इससे मानसून के दौरान बारिश अच्छी हुई और ⏭ शेष पेज 10 पर

## राजिम में 24 को होगी खेलो इंडिया महिला अस्मिता एथलेटिक्स लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

खेलो इंडिया के तहत महिला अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता को लेकर एथलेटिक्स संघ की बैठक आयोजित की गई। अंडर 14 वर्ष व 16 वर्ष से कम दो आयु वर्ग समूह में खेल को बांटा गया है। यह जानकारी देते हुए एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में भारत के कुल 300 जिलों में महिला अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जा रहा है। गरियाबन्द जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजन 24 नवम्बर को सुबह 10 बजे से शासकीय राजीव लोचन कालेज खेल स्टेडियम राजिम में किया जायेगा। खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र एएफआई द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर दिया जायेगा। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के दिशा निर्देश में सम्पन्न होगा। 14 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची



कूद, गोला फेंक, 600 मीटर दौड़, किट्स भाला फेंक, 16 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, तवा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक में भाग ले सकते है। इस अवसर पर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, उपाध्यक्ष रमेश पटेल, सचिव हरिश्चंद्र निषाद, कोषाध्यक्ष पूरन यादव, कैलाश साहू, राजेश धीवर, त्रिलोक पारकर,प्रेमसिंग नागेश, मदन निषाद, किशोर पटेल, डायमंड साहू, चित्रलेखा नागेश, कुमकुम, लता साहू, माधुरी सोनकर, ताराचंद निषाद, सूरज टन्डन, ताम्रध्वज साहू, दिलीप पटेल, वेदप्रकाश साहू मौजूद थे।

**विद्युत पोल और केबल जगह-जगह से खराब**

# सेंदर स्कूल में बिजली गुल, तीन महीने से पढ़ाई प्रभावित, ठेकेदार की घटिया केबल बनी आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सेंदर में बिजली व्यवस्था की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक हो गई है। विद्युत पोल पर लगे थ्री फेस केबल के खराब हो जाने के कारण, विद्यालय में पढ़ाई के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। पहले, ठेकादार द्वारा घटिया और सस्ते केबल का प्रयोग किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप विद्युत पोल और केबल जगह-जगह से खराब हो गए हैं। इससे विद्यालय में विद्युत संचार सही तरीके से नहीं हो पा रहा है, और इससे छात्रों के




अध्ययन में भारी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इस समय, विद्यालय के टीवी, कम्प्यूटर, मोटर पंप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक नुकसान हो रहा है, बल्कि संस्था को भी भारी वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यदि विद्युत विभाग द्वारा शीघ्र ही नया केबल नहीं लगाया गया, तो न केवल संस्था को और नुकसान होगा, बल्कि इससे शिक्षण कार्य में भी गंभीर व्यवधान उत्पन्न होगा। इस प्रकार, विद्यालय के छात्रों के भविष्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सेंदर के पूर्व सरपंच रामाधार साहू, प्रबंध समिति के अध्यक्ष जनक साहू, और वर्तमान सरपंच राकेश घृतलहरे ने इस समस्या को ⏭ शेष पेज 10 पर

### अब तक समस्या का समाधान नहीं

इस मुद्दे को लेकर विद्यालय की प्राचार्य मेघा ठाकरे ने भी तीन महीने पहले ही विद्युत विभाग को इस समस्या के बारे में अवगत कराया था और नया केबल लगाने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब विद्युत विभाग को इस समस्या का पूरी तरह से ज्ञान था, तो फिर समाधान में इतनी देरी क्यों हो रही है? यह मामला केवल एक विद्युत समस्या नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। विद्युत विभाग को जल्द से जल्द नए केबल की व्यवस्था कर इस समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए, ताकि शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सेंदर में शिक्षा कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके और विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

## दो अंतरराज्यी गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर पुलिस ने गांजा तस्करी कर ग्रहक तलाश करते दो अन्तराज्यी तस्करो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवैध गांजा, हीरा के साथ वन्य जीवों के तस्करी पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देषित किया गया था। दिए गए निर्देष के परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रतंर्गत मुखबिर एवं थाना पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था। दिनांक 15 नवंबर को थाना प्रभारी मैनपुर को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति बस स्टैण्ड मैनपुर के पास अलग–अलग बैग थाला में अवैध मादक पदार्थ रख कर ग्राहक का इंतजार करते खेडे है। जिसकी सूचना तस्दक पर थान से पुलिस टीम को रेड कार्यवाही हेतु मैनपुर बस स्टैण्ड भेजा गया। मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिया के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनो संदिग्ध व्यक्तिं से नाम पता पुछने पर अपना नाम 01) अमीर बेग पिता कलंदर बेग उम्र 22 साल साकिन मेहगांव सुभाष गली थाना मेहगांव जिला भिण्ड (मध्य प्रदेश) 02) सतीष कुमार ठाकुर पिता बटरी सिंह ठाकुर उम्र 36 साल साकिन मेहगांव थाना मेहगांव जिला भिण्ड (म.प्र.) का रहने वाला बताया। दोनों व्यक्तियों के बेग का पृथक-पृथक तलाषी लेने ⏭ शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**



## जिले में हुआ सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

**महासमुंद।** जिला सहकारी संघ मर्यादित द्वारा सहकारिता सप्ताह का आयोजन संस्था कार्यालय में किया गया। सहकारिता ध्वज जीएल कौशिक प्रबंधक द्वारा फहराया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समिति के प्रबंधक जीएल कौशिक ने कहा कि 14 नवंबर से 20 नवंबर तक तक प्रत्येक वर्ष सहकारिता सप्ताह जिले की साख एवं असाख सहकारी समितियों में मनाया जाता है। इसमें सहकारी समितियों में समिति के पंजीयन से लेकर नियमित बैठकें, वार्षिक आमसभा, ऑडिट, ऋण वसूली, सहकारिता के उद्देश्यों के प्रचार प्रसार की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त साख, असाख सहकारी समितियों में नये सदस्यों की भर्ती करने की विधि पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन एसआर बंजारे जिला प्रचार प्रसार अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि जिले की चयनित समितियों में 15 नवंबर से 20 नवंबर तक सहकारिता सप्ताह मनाया जायेगा और अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अनुसार सदस्यों को सहकारिता के महत्व के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम में जीएल कौशिक प्रबंधक, केएल नायक लेखापाल, शीतल कुमार साहू, दिलबाग सिंह मौके पर



उपस्थित रहें।

## बृजराज स्कूल में एफएलएन मेला का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री बृजराज विद्यालय में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक क्षमताओं को रोचक गतिविधियों के माध्यम से मजबूत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ समग्र शिक्षा महासमुंद से एपीसी विद्या साहू एवं डीएन जांगड़े द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मेले में विषय आधारित बिग लेटर स्मॉल लेटर, जादुई की पोटली, क्रमबद्धता, कौन पहले कौन बाद, शब्द पहचान जैसे अंग्रेजी गणित एवं हिंदी के 7- 7 गतिविधियों बच्चों द्वारा बच्चों के मार्गदर्शन में पंजीयन के माध्यम से छात्र हिस्सा लिए। इसमें छात्रों ने खेल पठन-पाठन, गणितीय खेल, भाषा सीखने की गतिविधियां, तत्व-पहचान, शब्द–निर्माण, अंक–खेल, पहेलियां, चार्ट प्रदर्शनी जैसी कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## खरोरा स्कूल में एफएलएन मेला का आयोजन

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला खरोरा में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। शासन की योजना के अनुसार इस आयोजन में बच्चों द्वारा बच्चों के लिए संचालित स्टाल लगाया गया। स्टॉल में मेरा रिंग मेरा वर्ण, जादू की पोटली, मेरा घड़ी तुम्हारा समय बताओ, कौन पहले कौन बाद, जोड़ मशीन बॉडी पार्ट्स नेम, आदि गतिविधि द्वारा बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, पंच जीतू मानिकपुरी द्वारा बच्चों को चॉकलेट व पेन वितरण किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला की प्रभारी प्रधान पाठक रामेश्वरी ध्रुव, पंच महेंद्र सूर्यवंशी, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, माहेश्वरी निषाद, प्रमिला ठाकुर, शांति दीवान, भारती चंद्राकर, राधिका चंद्राकर, सावित्री पटेल, चमेली यादव, आदि ग्रामीणजनों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख गायत्री चंद्राकर, प्रीति तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा डाइट के छात्राध्यापक रोशन यादव आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम : नेहरू जी के जन्मदिन को बालदिवस के रुप में मनाया

# छुरा के इंडियन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर अनूठा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल तुमगांव छुरा एक ऐसा स्कूल हैं जो शिक्षा के साथ- साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नये- नये कार्यक्रम आयोजित करके सभी विद्यार्थियो को तमाम वो अवसर प्रदान करता है जिससे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति से जुड़े रहें, उसी कड़ी में 14 नवंबर जो पूरे देश में हमारे राष्ट्र के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन को बालदिवस के रुप में मनाया जाता है उसी समारोह को एक अनूठे ढंग से मनाया गया।जैसा सर्व विदित है कि चाचा नेहरू जी को बच्चों से बहुत लगाव था इसीलिए उन्होंने अपने जन्मदिन को बच्चों को समर्पित किया। यहीं बच्चों के प्रति लगाव और प्यार इंडियन पब्लिक स्कूल के संचालक प्रीतम साहू और विद्यालय प्रबंधक श्रीमती प्राची साहू ने बालदिवस पर दिखाया जब उन्होंने सभी बच्चों को इस अवसर पर भोजन करवाया। इस शुभ





अवसर पर शुभ काम का बीज उनकी माता श्रीमती देवकी बाई साहू द्वारा बोया गया है । भोजन के साथ- साथ उपहार पाकर बच्चों की खुशी देखने लायक थी। बच्चों को उपहार सभी शिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। इस भव्य समारोह के सफल आयोजन पर सभी पालकगण शुभकामनाएं प्रेषित कर रहें है। इस कार्यक्रम में देवकी बाई साहू, प्रीतम साहू संस्था प्रमुख, रेवेंद्र दीक्षित एच.ओ.डी., शशि तिवारी प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला देवी राजपूत, यमुना नेताम, टिकेश्वरी रात्रे, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, मुस्कान चंद्राकार, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, मोनिका यादव, नाहिद खान, वीना साहू, गुंजिता साहू, चित्ररेखा यदु, प्रियंका चंद्राकर, अंजुरानी द्विवेदी, सिमरन बानो, सुनीता निषाद, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र कुमार ध्रुव, डिगेश बघेल एवम समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

## राजिम सेजेस में बाल दिवस पर रचनात्मकता की धूमख, तुकेश साहू का मिसाइल मॉडल प्रथम



**कोपरा।** शासकीय रामविशाल पांडेय सेजेस राजिम में बाल दिवस के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कोपरा नगर के होनहार छात्र तुकेश साहू ने साइंस मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। तुकेश साहू पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से बेहद प्रभावित हैं। उनकी इसी प्रेरणा से उन्होंने 'मिसाइल मेन' की तर्ज पर एक आकर्षक मिसाइल मॉडल तैयार किया, जिसे उपस्थित सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने खूब सराहा।

तुकेश ने बताया कि विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जबकि मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी वर्ग के लिए साइंस मॉडल, पोस्टर मेकिंग, फायरलैस कुकिंग और रंगोली प्रतियोगिताएं रखी गई थीं। फैंसी ड्रेस, पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिताओं की थीम आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती तथा जनजातीय गौरव दिवस पर आधारित थी। नन्हे-मुन्ने बच्चे आदिवासी परिधानों में सजधजकर पहुंचे थे, वहीं कई बच्चे चाचा नेहरू का रूप धरकर आकर्षण का केंद्र बने। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, रंगोली, पोस्टर और फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

बाल दिवस कार्यक्रम में विद्यालय का माहौल उत्साह, रचनात्मकता और प्रतिभा से सराबोर रहा। नगर के प्रतिभाशाली छात्र तुकेश साहू रिकेश साहू के सुपुत्र हैं, जिन्होंने अपनी उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

## बिहार का जनादेश, लोकतंत्र और सुशासन की जीत : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए गठबंधन को मिली अपार सफलता पर पूर्व सांसद व छग स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि बिहारवासियों ने लोकतंत्र में विश्वास जताते हुए और डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों को महत्व देते हुए एनडीए को एक बार फिर चुना है। चुनाव परिणाम ने राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षियों द्वारा देश में चलाए जा रहे वोट चोरी के निरर्थक मुद्दे की भी हवा निकाल दी। महाठगबंधन महागठबंधन के जंगलराज वालों के पुराने सांप्रदायिक यानि मुस्लिम और यादव फॉर्मूले को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए बिहारवासियों ने एक नया सकारात्मक फॉर्मूला यानि महिला और यूथ दिया है। श्री साहू ने कहा कि बिहार की सम्मानित जनता ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि राज्य की दिशा जातिवाद और परिवारवाद से नहीं, बल्कि विकासवाद से तय होगी। आरजेडी के जंगलराज की भयावह यादों और अव्यवस्था भरे दौर को निर्णायक रूप से नकारते हुए, बिहारवासियों ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना जनादेश दिया है। यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की कुशल नेतृत्व क्षमता के साथ ही बिहार के परिश्रमी भाजपा व एनडीए कार्यकर्ताओं, समर्पित पदाधिकारियों के अथक मेहनत की परिणीति है। बिहार में एनडीए को मिली यह अपार सफलता बिहार में विकास, सुशासन और समृद्धि की नई कहानी लिखने वाली है। दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने वाले बिहार का जनादेश, लोकतंत्र और सुशासन की जीत है। श्री साहू ने कहा बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार को इस बार अन्य तमाम चुनावों से अधिक बड़ी जीत देकर चुना है। कई बार सत्ता में रहने में बाद सत्ताधारी दल को आमतौर पर एंटी इंकम्बेंसी झेलना पड़ता है, यानि सत्ताधारी दल सत्ता से



बाहर हो जाते है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भाजपा शासित राज्यों ने इस मिथक को भी तोड़ दिया है। भाजपा के नेतृत्ववाली एनडीए गठबंधन ने यह साबित किया है कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतर कर आप बार-बार आशीर्वाद पा सकते हैं। बिहार की जनता विशेषकर मातृशक्तियों और युवाओं को धन्यवाद, जिन्होंने भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर चल रहे परिवारवादी पार्टियों के प्रमुखों के बिहार को पुनः जंगलराज में ले जाने की मंशा को विफल करते हुए विकास और सुशासन के पक्ष में जनादेश देकर एनडीए को अपना अपार समर्थन देकर यह साबित कर दिया कि देश अब स्वच्छ और पारदर्शी राजनीति की ओर आगे बढ़ रहा है । इसके लिए एनडीए सहित संपूर्ण भारत बिहारवासियों का आभारी रहेगा।

## धान बेचने आए किसानों का सम्मान ...



राजिम। शनिवार को राजिम कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में समर्थन मूल्य में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ करते हुए विधायक रोहित साहू ने प्रथम दिवस धान बेचने आए अन्नदाता किसानों का फूल माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, सोसायटी अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, लफंदी के पूर्व सरपंच नेहरू साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मजदूर मौजूद थे।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में गणित की भूमिका पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के गणित विभाग में 15 नवम्बर को "विभिन्न विषयों में गणित की भूमिका"विषय पर एक समृद्ध एवं ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्रों में गणित की व्यापक उपयोगिता और बहुआयामी महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा द्वारा अतिथियों के औपचारिक स्वागत के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि गणित केवल विज्ञान की आधारशिला ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, अनुसंधान, डेटा विश्लेषण एवं बहुविषयक अध्ययन का मूल स्तंभ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. बीपी भोल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गणित वह भाषा है जो विज्ञान और तकनीक को समझने, विश्लेषित करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान समय में डेटा आधारित निर्णय, वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता बिना गणित के संभव नहीं। उन्होंने छात्रों को गणितीय सोच विकसित करने और इसे विभिन्न विषयों में लागू करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से पधारे प्रख्यात गणितज्ञ प्रोफेसर (डॉ.) ए. के. ठाकुर रहे। उन्होंन "विभिन्न विषयों में गणित की भूमिका" विषय पर प्रेरणादायक एवं शोधपरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि गणित की भूमिका इंजीनियरिंग, भौतिकी और कंप्यूटर विज्ञान के साथ-साथ जीवन विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, कृषि, पर्यावरण विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने आधुनिक शोध प्रवृत्तियों, गणितीय मॉडल, सांख्यिकी, एल्गोरिद्म तथा विश्लेषण के वैश्विक महत्व को विस्तार से समझाया।व्याख्यान के उपरांत आयोजित व्याख्यान में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय से संबंधित जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए।

कार्यक्रम के अंत में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुभाषिश विश्वास द्वारा छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुभाषिश विश्वास प्रस्तुत किया गया। उन्होंने प्रोफेसर (डॉ.) एके ठाकुर के मूल्यवान मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा गणित विभाग द्वारा ऐसे उपयोगी एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सराहना की।

# संतपाली के ग्रामीणों ने पीएम आवास में अनियमितता की शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

ग्राम पंचायत संतपाली के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर महासमुंद सहित उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सचिव, सरपंच, आवास मित्र व मेट के द्वारा पीएम आवास निर्माण में मजदूरी व मस्टर रोल में भारी गड़बड़ी की गई है।

आवेदकों के अनुसार उनके नाम से मस्टर रोल तैयार कर फर्जी मजदूरी आहरित की गई, जबकि वास्तविकता में ग्रामीणों को कोई भुगतान नहीं हुआ। शिकायत में उल्लेख है कि पीएम आवास से संबंधित किसी भी दस्तावेजी प्रक्रिया में पात्र हितग्राहियों को जानकारी नहीं दी गई, न ही निर्माण कार्य की सही तरीके से निगरानी की गई।





ग्रामीणों ने बताया कि कई लाभार्थियों को अब तक मजदूरी भुगतान न होने से वे योजना का लाभ लेने से वंचित हैं। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी व पंचायत पदाधिकारी कार्रवाई से बचते दिखाई दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषी सचिव, सरपंच, आवास मित्र व मेट के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए। सभी पात्र हितग्राहियों के मजदूरी व मस्टर रोल का सत्यापन कर वास्तविक भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

फर्जी आईडी, जॉब कार्ड और कार्यदिवस की जांच कर कार्रवाई की जाए। शिकायत दिनांक 23 अक्टूबर को प्रस्तुत की गई है, जिस पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर व पंचायत क्षेत्र के मुहर भी अंकित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर उचित जांच नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## रेजांगला रज कलश यात्रा समापन समारोह दिल्ली में 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

18 नवंबर 1962 को भारत चीन युद्ध दक्षिणी लद्दाख रेजांगला चौकी कुमायूं रेजिमेंट चार्ली कंपनी के 114वीर अहीर बहादुरों ने भारत माता की रक्षा करते हुए शहादत दी। वहीं पवित्र माटी कलश में संजोकर बिहार छपरा से 13अप्रैल 2025 को शुरू होकर 19 राज्यों से होती हुई 18 नवंबर को दोपहर 12 बजे से 5 बजे को दिल्ली के जंतर मंतर पर समापन होगा। यह रज कलश यात्रा लगभग 1 लाख किलोमीटर दूरी तय कर चुकी है। समापन कार्यक्रम में शामिल होने सामाजिकजन दिल्ली रवाना। इसमें अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव, प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, प्रदेश महामंत्री शिव कुमार यादव एवं अशोक यादव, राहुल यादव जिला अध्यक्ष रायपुर, विनोद कुमार यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद, प्रदेश उपाध्यक्ष रामाश्रय यादव, प्रदेश सचिव ममता यादव, छोटे लाल यादव सदस्य, संजय यादव, डा पवन कुमार यादव, संतोष यादव, जयकिशन यादव, पप्पू यादव, सरायपाली से संरक्षकगण मनोरथ लाल यादव, रथराम यादव, दिनेश कुमार यादव, सारांश यादव, मयंक यादव मोंटी आदि ने 18 नवंबर के दिल्ली के कार्यकम में शामिल होने की अपील की है।

**पेज 9 के शेष...**

### जिले में बढ़ती...

अवसर मानते हुए सुबह–सुबह सड़कों पर दौड़ने और व्यायाम करने निकल रहे हैं। कड़कती ठंड में भी लोग फिटनेस के लिए समर्पित दिख रहे हैं। सुबह की सड़कों पर दौड़ते युवा खेल मैदानों और पार्कों में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। ठंड बढ़ते ही लोग रात में जल्दी घर लौट रहे हैं और जल्दी सोने लगे हैं। चूल्हे–चौके, रसोई और घरों में भी गर्माहट के इंतज़ाम शुरू हो गए हैं। बाजारों की रौनक शाम ढलते ही कम होने लगी है।

### धान खरीदी शुरू...

और 'तुहर टोकन-तुहर हाथ' ऐप बंद रहने से किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। कई केंद्रों में तराजू और व्यवस्थाएं लगाई गईं, पर वास्तविक खरीदी नहीं हो सकी। उपार्जन केंद्र पाण्डुका में कार्यरत निकिता साहू ने बताया कि सोमवार को सोफ्टवेयर ओपन होते ही धान खरीदी करने टोकन काटा जाएगा।
इधर प्रशासन का दावा है कि तकनीकी समस्याओं को दूर किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, टोकन काटने की समस्या का समाधान कर लिया जाए तो सोमवार से धान खरीदी सुचारू होने की पूरी उम्मीद है। हड़ताल और तकनीकी बाधाओं के कारण पहले दिन लड़खड़ाई व्यवस्था आने वाले दिनों में पटरी पर आ सकेगी, ऐसी उम्मीद किसानों और प्रशासन दोनों को है।

### चरौदा में धान ...

धैर्य बनाए रखने की अपील की।
**त्वरित समाधान का आश्वासन–** शुभकामना कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधियों और प्राधिकृत अधिकारी ईतवारी राम सिन्हा ने किसानों को त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की भाजपा सरकार द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गई है। ईतवारी राम सिन्हा ने कहा की शुरुआत में कुछ कमियाँ आई हैं, लेकिन आगे व्यवस्था सुधार ली जाएगी। हमारी प्राथमिकता है कि किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान बेच सकें। केंद्र में उपस्थित अधिकारी चन्द्रशेखर ध्रुव और ऑपरेटर संदीप निर्मलकर किसानों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द इन कमियों को दूर किया जा सके।

### साइबर ठगी से ...

होने पर तुरंत 1930 या स्थानीय पुलिस से संपर्क करें। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने साइबर सुरक्षा सीख को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस प्रकार की गतिविधियाँ और भी गांवों में आयोजित करने की मांग की। थाना पीपरछेड़ी पुलिस ने भविष्य में भी जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही।

### 14 साल में पहली...

अबकी शुरुआत भी बेहतर दिख रही है। उत्तरी क्षेत्र से लगातार ठंडी और शुष्क हवाएं आ रही है, जिसके कारण न्यूनतम पारा 11.9 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक इसी प्रकार का मौसम देखने को मिलेगा।

**न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री तक नीचे**–क्षेत्र का न्यूनतम तापमान लगातार सामान्य से 5 डिग्री से ज्यादा नीचे बना हुआ है। तेज ठंड की वजह से सुबह और देर शाम अंचल का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोग स्वेटर और ऊनी कपड़ों का उपयोग शुरू कर चुके हैं। यदि उत्तरी हवा का प्रवाह इसी तरह जारी रहा तो ठंड का असर और गहरा सकता है।

### सेंदर स्कूल में बिजली...

लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने जल्द से जल्द नया केबल लगाने की मांग की, ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। लेकिन अधिकारियों ने इसे अपनी जिम्मेदारी से बाहर बताया और यह कहा कि केबल विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। उन्होंने ठेकादार के माध्यम से केबल की व्यवस्था करने की बात की है, जिससे यह समस्या जल्द हल होने की संभावना नहीं लग रही।

### दो अंतरराज्यी गांजा...

पर आरोपी अमीर बेग के बेग से 04 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं आरोपी सतीष कुमार ठाकुर के बेग से 02 किलो 300 ग्राम कुल 6.300 किला ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 42000 रू. को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। दो आरोपियां का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से दोनो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी अमीर बेग एवं सतीष कुमार ठाकुर के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### मक्का के ऊपर बैठकर पढ़ाई करते बच्चे



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में हजारो हेक्टेयर में मक्का की फसल लिया जाता है। इन दिनों मक्का की तोड़ाई तेज गति से चल रहा है गांव के गलियों घरो के आंगन और तो और घरों के छतों के ऊपर मक्का धुप में सुखाते दिखाई दे रहे है। मैनपुर से 06 किमी दूर ग्राम बोईरगांव में रविवार को अपने घर के सामने एक स्कूली छात्र मक्का की रखवाली करते करते पढ़ाई करते नजर आया।

### केन्द्रीय विद्यालय में वर्षिक खेल दिवस का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी अंजलि बरमाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उनका स्वागत प्राचार्य संजय कंसल द्वारा पौधा भेंट कर किया। प्राचार्य का स्वागत खेल शिक्षक सोहनलाल साहू ने किया। संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन एवं स्वाति व प्राकृति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें बच्चों द्वारा गीत - संगीत, मराठी नृत्य एवं आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वार्षिक खेल दिवस में मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलित एवं केवि का ध्वजारोहण कर सभी राष्ट्रीय खिलाड़ियों के हाथों मशाल को खेल भावना और एकता का संदेश देते हुए आगे बढ़ाया गया। खिलाड़ियों को नैतिक पचौरी द्वारा सभी को बिना भेदभाव के खेल भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। साथ ही परेड का निरीक्षण किया गया। खेल शिक्षक सोहन लाल साहू द्वारा विद्यालय की खेल में उपलब्धियों का विवरण दिया। मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें हैंडबाल यू- 17 में बालकों में गोविंद सेन, लक्ष्य विश्वास, इलेश अनंत, योग्य चंद्राकर, नवीन पटेल, मयंक आवड़े, नमन साहू को सिल्वर मेडल प्राप्त हुए। एथलेटिक्स हाई जम्प यू- 17 बालिकाओं में अलीशा पंकज को ब ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। एथेलेटिक पोल वाल्ट यू 17 बालक में नैतिक पचौरी को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। जिनमें से लक्ष्य विश्वास एवं नैतिक पचौरी को एसजीएफआई में खेलने के लिए चयनित किया गया है।

---

जयंती : भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा ने देश के आजादी के लिए अपना प्राण न्यौछावर कर दिया : महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज शनिवार को महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जयंती आदिवासी समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाई गई। मैनपुर गोड़वाना भवन में एकत्र होकर सभा का आयोजन किया गया उसके बाद मोटर साइकिल रैली के रूप में बिरसा मुडा चबुतरा में पहुंचकर पूजा अर्चना कर आतिशबाजी किया गया। इस दौरान आदिवासी नेता एवं आदिवासी विकास परिषद के संरक्षक महेन्द्र नेताम ने कहा कि महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जी ने ब्रिटिश शासन के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई थी, किसानों की जमीनों को अंग्रेजों से मुक्त कराकर भूमि का स्वामित्व दिलवाया, लगान माफ कराया, किसानों और आदिवासी समाज के हित में काम किया, महान क्रांतिकारी बिरसामुंडा ने सिर्फ आदिवासी समाज ही नही बल्कि पुरे देशवासियों के लिए संघर्श किया है और आज उनके बताये रास्तो पर चलने की जरूरत है। जनपद सदस्य प्रताप मरकाम ने कहा आज बिरसामुंडा के जयंती पर हम सभी को संकल्प लेने की जरूरत है कि समाज के उन्नती और विकास के लिए सब मिलजुलकर एकजुटता के साथ कार्य करेंगे, उन्होने कहा कि जल जंगल जमीन में पहला अधिकार आदिवासियों का है, आज आदिवासियों के कारण ही जल जंगल, जमीन सुरक्षित है। इस मौके पर प्रमुख रूप से महेन्द्र नेताम, प्रतापसिंह मरकाम, गगन नेगी, खिलेन्द्र परस, कामेश्वर नागेश, माधुरी



ठाकुर, रतन, बलराम यादव, सतिश मरकाम, सुभाश मरकाम, लोकेश नेगी, अलोकित यादव, रूपम दास, जाड़ापदर सरपंच उपासीन बाई, राधाबाई बंजारा, सुशीला बंजारा, भानु यादव, थनवर यादव, लोचन यादव, केशव नेगी, महेश नेगी, धनसिंग नेगी, वेदप्रकाश नागेश, रामसिंह, भुने"वर ध्रुव, जोगे"वर ठाकुर सहित बड़ीं संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### कांदाडोंगर में भी धुमधाम के साथ मनाई गई भगवान बिरसामुंडा की जयंती

सर्व आदिवासी समाज के द्वारा कांदाडोंगर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती आदिवासी रीति रिवाज परंपरा के अनुसार बिरसा मुंडा के तस्वीर के पास कलश स्थापना कर पांच तत्व की दीप जला कर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़ी धूम धाम से मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कांति लाल पाथर राज गोंड समाज केंद्र सलाहकार, विशिष्ट अतिथि लम्बोदर ध्रुव ध्रुव गोंड समाज अध्यक्ष,दयाराम मांझी, हेमाबाई नागेश अमलीपदर सरपंच, उमेश पटेल 84गढ़ गोहतिया, विजय मांझी सरपंच, भोजराज मांझी, नारायण मांझी, पुष्पलता मरकाम, यशवंत मरकाम, मोहन जगत, गायत्री दिवान,डेमू ध्रुर्वा, भोलेंदु ध्रुर्वा, धनसाय सोरी, मुकेश दाऊ, श्रुति ध्रुर्वा, सर्वमंजूरी नागेश, पुनीत राम मरकाम, युवती प्रभाग अध्यक. लुकेश्वरी नेताम, युवा प्रभाग संरक्षक पुलस्त नेताम, सचिव जीतेन सोरी, महासचिव लोकेश पाथर, मीडिया प्रभारी कुंजबिहारी ध्रुव, पृथ्वी पूजती, नवीन सोम, डोले ध्रुव ,बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थिति थे, पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रभाग अध्यक भोले मांझी ने किया।

---

## फूलचंद अग्रवाल कॉलेज में शिक्षा संकाय ने मनाया वंदे मातरम और बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, के शिक्षा संकाय द्वारा वंदे मातरम की 150वीं दिवस एवं बाल दिवस का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक नयना पहाड़िया, प्रीति शाह, डॉ. सारिका साहू, चंद्रहास साहू, अखिलेश शर्मा, लोमश साहू, डॉ. संतोष शर्मा, ज्ञानप्रकाश साहू उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूवात प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी एवं उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा के द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वंदे मातरम बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा सन- 1875 में रचित यह अमर गीत स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रहा है और आज राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्राप्त है। 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित यह स्मरणोत्सव का उद्देश्य युवा पीढ़ी में एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करना था। बाल दिवस भारत में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का एक राष्ट्रीय त्योहार है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना व उनके विकास एवं शिक्षा के महत्व को उजागर करना है। आगे इन कार्यक्रमों में भाषण, गीत इत्यादि में क्रमशः योगेन्द्र साहू, वंदना, राहुल /"कच्चा घड़ा/", लालचंद बचपन की कहानी, पूनम देवी नन्हा मुन्ना राही हूं, देश का सिपाही हूं पर प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षकों में दीपक साहू, मनीष कुमार, लाल कृष्ण, सुमीत कुमार, रोहित कुमार, गोपेश साहू, केशरी कश्यप, खिलेश्वरी, भारती मंडल, तारिणी सहित बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक नयना पहाड़िया ने किया।

---

## रसेला स्कूल में बाल दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



ग्राम रसेला के प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप 14 नवंबर को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अंजली कुंजाम, उपसरपंच परमेश्वर यादव, समिति के उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर दास, देवलाल साहनी, रामायण ठाकुर, साबीर ख़ान सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों को तिलक लगाकर विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा गीत भाषण की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर साल 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे समाज को यह याद दिलाने का अवसर है कि बच्चे ही देश का भविष्य है। उनकी मुस्कान, मासूमियत और सपने ही भारत की असली ताकत है। बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चों को सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर भी मिलने चाहिए। उनकी हंसी ही देश की सबसे बड़ी पूंजी है जिसे सहेजना हम सबका कर्तव्य है। इसी कड़ी में शाला समिति के अध्यक्ष अंजली कुंजाम ने कहा कि पंडित नेहरू का मानना था कि बच्चे ही वह मिट्टी है जिससे भविष्य की इमारत बनतीं है। उनकी सोच थी कि बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र सोचने और सपने देखने की आजादी भी मिलनी चाहिए। माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल ने कहा यहां उपस्थित समस्त अतिथिगण, तथा समस्त पालकगणो का में यहां उपस्थित होने के लिए व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूं। सभी छात्र-छात्राओं को चाकलेट वितरण कर खीर पुडी भोजन परोसकर खाना खिलाया गया। इस मौके पर प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हृदय राम साहू, वरिष्ठ शिक्षक बालचंद नेताम, देवनारायण साहू, संजीव कुमार सिन्हा, गणेश्वर ठाकुर, निसु निषाद सहित रसोइया समूह के सदस्यगण उपस्थित रहे।

---

## बिहार की जनता ने विकास और सुशासन पर फिर जताया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए गठबंधन ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए भारी बहुमत से जीत दर्ज की है इस प्रचंड जीत को राष्ट्र के विकास सुशासन और स्थिरता के प्रति जनता की प्रतिबद्धता बताते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व पर अपना विश्वास पुनः प्रमाणित किया है भाजपा और सहयोगी दलो ने एक तिहाई से अधिक बहुमत के साथ यह सिद्ध किया कि जनता झूठ और भ्रम से उपर उठकर विकास के एजेंडे को प्राथमिकता देता है।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी का बिहार चुनाव में बड़ी जीत हुई है यह जीत जनता का विश्वास और उम्मीद की जीत हुई है बिहार की जनता भारतीय जनता पाटएँ पर भरोसा करते हुए मतदान कर सरकार बनाया है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नेहा सिंघल ने कहा की उप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव –गांव तक भाजपा कार्यकर्ता भरोसे का वातावरण तैयार किया जिसने नई उर्जा प्रदान की। महिलाओ और युवाओ ने बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया और परिवारवाद को नकार दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमति सरिता ठाकुर ने कहा बिहार में भाजपा की ऐतिहासिक जीत जनता के भरोसे की जीत है बिहार का कोई विकास कर सकता है तो एनडीए की सरकार ही कर सकती है इसलिए 200 से अधिक सीट पर जीत हासिल कर यह साबित किया है कि जनता की उम्मीदो पर खरा उतरकर आप बार बार आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है बिहार की जनता धन्यवाद के पात्र है यह जनादेश विकास महिलाओ की सुरक्षा सुशासन और गरीब कल्याण की नीतियो पर जनता की मुहर है।

### बिहार में भाजपा एनडीए की सुशासन की जीत है

भाजपा मंडल मैनपुर के वरिष्ठ नेता तुलसी राठौर ने कहा बिहार में भाजपा एनडीए की ऐतिहासिक जीत जनादेश लोकतंत्र और सुशासन की जीत है बिहार की जनता ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बार सबसे बड़ी जीत देकर चुना है क्योकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब से प्रधानमंत्री का पद संभाले है तब से देश दुनिया और पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। विकास ही राह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर जनता ने मुहर लगाया है और बिहार की जनता ने विकास का साथ दिया है यह सुशासन की जीत है विकास की जीत है। जनकल्याण की भावना की जीत हुई समाजिक न्याय की जीत हुई है। श्री तुलसी राठौर ने बिहार की जनता को बधाई देते हुए कहा भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का अथक प्रयास और मेहनत का नतीजा आ सामने है साथ ही बिहार की जनता ने विपक्ष के हर झुठ का मजबूती से जवाब दिया है। भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामस्वरूप साहू ने कहा बिहार की जनता ने विधानसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार पर भरोसा जताया है यह विकास को एक नया दिशा देगी आने वाले वर्षो में बिहार प्रगति के नये आयाम स्थापित करेगा लोकतंत्र में असली ताकत जनता के हाथो में है और जनता भाजपा के विकास पर मुहर लगाई है। भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव ने बिहार में एनडीए को मिले ऐतिहासिक जनसमर्थन पर कहा बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास स्थिरता और सुशासन के पक्ष में जनादेश देकर यह सिद्ध कर दिया कि देश की जनता अब पूरी तरह जागरूक है और विपक्ष के भ्रमित करने वाले बयानो के प्रभाव में आने वाली नहीं है।

---

## छुरा-राजिम मार्ग की हालत बदतर, गड्ढों और झाड़ियों के कारण दुर्घटना का खतरा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा ब्लाक मुख्यालय से मुख्य मार्ग लोहझर, खैरझिटी, मड़ेली, पंक्तियां जुनवानी से छुईया राजिम पहुंच सड़क मार्ग की हालत इतनी खराब है कि कई जगहों की सड़कों की डामर उखड़ गई है जिसके कारण गड्ढे हो गए हैं और सड़क संकरा होने से आये दिन दुर्घटना का शिकार आम जनता हो रहें हैं। हड़क के अगल बगल झाड़ झरोखा बड़े पैमाने पर उग आने से सामने वाले वाहन नहीं दिख पाता है। इससे दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है। कहीं पर कोई संकेत चिन्ह भी नहीं है। इससे राहगीरों को समझ नहीं आता है। इस मार्ग की कोई सुध लेने वाला नहीं है। वैसे सड़क चौड़ीकरण के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा घोषणा की जा चुकी है।पर कार्य में बहुत ही विलंब हो रहा है। पुल पुलिया घास से पट गया है। जगह जगह गढ्ढे हो गये है। गढ्ढा नहीं दिख पाता ऐसे में दुर्घटना लाजमी है।




आज जिला गरियाबंद बन गये है। लेकिन जिला के अनुरूप सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पाना दुर्भाग्य की बात है। लोगों में काफी आक्रोष ब्याप्त है। छुरा से गरियाबंद मार्ग भी चौड़ीकरण की बाट जोह रहा है। अगल बगल खतरनाक गढ्ढे हो गये है। अगर कहीं बड़ी गाड़ी को साइड देते हैं तो छोटे दोपहिया पलट सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है। शासन प्रशासन आंख मुंदे बैठें हैं। लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आम नागरिकों ने कहा है कि जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत कार्य अतिशीघ्र किया जावें।

---

## स्पोर्ट्स शिक्षक हरिश्चंद्र बने अन्तराष्ट्रिय धावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका

विगत दिनों 4 नवंबर से 9 नवंबर तक चेन्नई में एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप खेल का आयोजन हुआ। यह आयोजन भारतीय मास्टर्स एथलेटिक्स संघ ने किया जो वर्ड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिशन से मान्यता प्राप्त है। उक्त आयोजन में भारत भर से 1800 खिलाड़ियों ने भाग लिए और अन्य 20 देशों से 1000 खिलाड़ी आए हुए थे। इस प्रतियोगिता में 35 वर्ष से 100 वर्ष आयु वर्ग तक के खिलाड़ी भाग लेते है। छत्तीसगढ़ से 42 खिलाड़ियों का टीम छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष नबी मोहम्मद एवं सचिव गुलाब नंद




के नेतृत्व में उक्त प्रतियोगिता में भाग लिए इस तारम्य में हरिश्चंद्र निषाद व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा निवास पांडुका ने 55 प्लस आयुवर्ग में 800 मी .1500 मी. 5000 मी .10000 मी. और 3000 मी. स्टीपल चेज में भाग लिए थे वे बताते हैं की यह प्रतियोगिता बहुत तगड़ा था युवा वर्ग में खेले पूर्व अन्तराष्ट्रिय खिलाड़ी भी भाग लिए थे फिर भी हरिश्चंद्र निषाद ने 800 मीटर में और 3000 मी.स्टीपल चेज में अपना दसवां स्थान तक नाम दर्ज कराया 1500 मीटर में 14वां स्थान,व 10 किलोमीटर रोड रेस में 17 स्थान पर था हरिश्चंद्र निषाद प्रतिदिन हाई स्कूल मैदान पांडुका में अभ्यास करते हैं। हरिश्चंद्र निषाद की इस सफलता पर उसके मित्रगण गैबी राम साहू, रमाकांत सिन्हा, नेकराम ध्रुव, सुखदेव साहू, शेष कुमार साहू, सत्यवान साहू, संस्था के प्राचार्य एमआर रात्रे एवं शिक्षक गण आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दिया।

---

## बाल दिवस पर बच्चों को कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती बालदिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा में यह दिन बच्चों को समर्पित करके मनोरंजन के रुप में खेलकूद न्योता भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं पंडित नेहरू के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई पश्चात बच्चों के लिए खेलकूद जिसमें बालिका वर्ग में खो खो, रस्साकसी कुर्सी दौड़ एवं बालक वर्ग में कबड्डी रस्साकसी कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रखी गई सभी विजेताओं को पारितोषिक प्रदान शिक्षकों द्वारा दिया गया दोपहर में सभी छात्र -छात्राओं के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा न्योता भोज कराया पश्चात सभी बच्चों पर शिक्षकों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए मंच पर लाया गया शाला नायक नायिका एवं कक्षा नायक नायिकाओं द्वारा मां सरस्वती और पंडित नेहरू के तैल चित्रों पर बच्चों ने पूजा अर्चना की पश्चात सामुहिक गुरु वंदना की गई कु हिमानी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों का तिलक अभिषेक किया गया छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी हिंदी गानों पर आकर्षक मनोरंजक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या भावना मथरानी ने कहा कि पं. नेहरू ने बच्चों को देश का भविष्य कहा और अपने जन्मदिन को बच्चों को समर्पित किया शिक्षा हमें पद प्रतिष्ठा मान सम्मान देने का साधन है इसलिए अधिक से शिक्षा प्राप्त कर अपने मां बाप विद्यालय और देश का नाम रोशन करे वरिष्ठ व्याख्याता सी के साहू ने कहा कि पं नेहरू बच्चों से प्यार करते थे बच्चे उन्हें चाचा कहते है व्याख्याता संतोष साहू ने पंडित नेहरू के जीवन परिचय स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश के विकास में योगदान को बच्चों को बताया सांस्कृतिक प्रभारी निर्मला लालवानी ने स्वागत भाषण दिया राजेश्वरी वर्मा ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू ने किया बालदिवस के इस आयोजन में राजेश भाटिया विशेष रुप से उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में पीटीआई राजू साहू, शरद साहू, मुकेश ध्रुव, लतिका साहू, मधु वर्मा, एकता पाल, हेमंत साहू, सत्यव्रत साहू, नरेंद्र नागेश, रनजीत यादव, बृजलाल नेताम, रुपचंद नेताम, दिव्या, ललिता बाई का विशेष सहयोग रहा।

---

सशिमं छुरा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

## छुरा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम, माताओं को संयुक्त परिवार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा






सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा एवं अध्यक्षता संगीता दीक्षित पार्षद नगर पंचायत छुरा, मुख्य वक्ता रूखमणी बंछोर व्याख्याता बड़ी करेली एवं तोकेश्वरी मांझी पूर्व जनपद अध्यक्ष छुरा एवं पूर्व छात्रा स.शि.म. छुरा, दुर्गावती सेन गायत्री परिवार राजिम द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की बहनों द्वारा गीत-नव युग का नव विचार आया से हुआ, तत्पश्चात माँ सरस्वती ॐ एवं माँ भारती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन, दीप प्रज्वलन किया गया एवं बहनों द्वारा संस्कृत वंदना पश्चात अतिथि परिचय किरण वर्मा द्वारा एवं स्वागत संचालन समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव, सदस्य सरोज साहू द्वारा किया गया एवं सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की प्रस्तावना का वाचन संतोषी यादव द्वारा किया गया इसी कड़ी में कक्षा द्वादश की बहनें- नम्रता, लिपाक्षी, देविका, इशिका, गरिमा, चंद्रप्रभा द्वारा समूह गीत-हम ही मातृ शक्ति हैं- प्रस्तुत किया गया। प्रमुख वक्ता रूखमणी बंछोर दीदी द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर बहुत ही मार्मिक ढंग से माताओं के समक्ष सरल भाषा में उद्बोधन दिया गया और उपस्थित माताओं को परिवार को एक साथ जोड़कर रखने (संयुक्त परिवार), एकसाथ भोजन करने को विशेष प्रेरित किया गया एवं पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण करना, उसका पालन पोषण करना इस पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि नारियों में सात प्रकार की शक्तियाँ - कीर्ति , श्री , वाक , स्मृति , मेधा , धृति(धैर्य) , क्षमा रहती है, जिसके आधार पर नारी पूरे विश्व के मानव जाति के कल्याण करने में सक्षम होती है। उपस्थित माताओं के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया जिसमें माताओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता निभायी। विद्यालय की बहनों द्वारा प्रेरणादायी महिलाओं की वेशभूषा के साथ-साथ उनके क्रियाकलापों का प्रकटीकरण भी किया गया।

### अपने कर्तव्य बोध के प्रति हमेशा सजग रहे

तोकेश्वरी मांझी द्वारा भारत के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया। विशिष्ट माताओं के सम्मान में तीन माताओं का सम्मान किया गया। अनुभव कथन में दो माताओं द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा में विचार व्यक्त किया गया। दुर्गावती सेन ने कहा कि महिलाओं को अपने कर्तव्य बोध के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए। आभार प्रदर्शन अल्का सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं को संगीता दीक्षित द्वारा संकल्प दोहरवाया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 150 माताएँ उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टॉफ एवं आया दीदियों का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## मैनपुर भाजपा मंडल में दिनेश सचदेव व घनश्याम मरकाम महामंत्री नियुक्त

**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर में महामंत्री नियुक्ति को लेकर लंबे समय से भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो को इंतिजार था महामंत्री पद को लेकर दावेदारो की लंबी लाइन के चलते इस पद की नियुक्ति अटकी हुई थी लेकिन आज 15 नवम्बर 2015 को भाजपा गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के अनुशंसा पर भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री दिनेश सचदेव एवं घन"याम मरकाम को नियुक्त किया गया है। जिसमें घनश्याम मरकाम की नियुक्ति पूर्व में ही महामंत्री के रूप में हो चुकी थी। मैनपुर नगर से महामंत्री पद को लेकर पार्टी के भीतर काफी दावपेच चल रहा था आज युवा कर्मठ कार्यकर्ता दिनेश सचदेव को भाजपा महामंत्री नियुक्त किया गया है और नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिया गया है जिससे स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी देखने को मिल रही है। भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव ने बताया दिनेश सचदेव और घन"याम मरकाम को भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा भाजपा संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जायेगा।

## बाल दिवस व जनजातीय गौरव दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**मुड़ागांव(कोरासी)।** संकुल केन्द्र जरगांव के आश्रित हाईस्कूल, माध्यमिक, तथा प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने 14 नवंबर बाल दिवस तथा जनजातीय गौरव दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एफ एल एन कार्य दिवस पर प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों ने बुनियादी साक्षरता ज्ञान पर आधारित समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। मानीटरिंग कर रहे संकुल प्राचार्य चेतनलाल साहू तथा संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के जवाब से संतुष्ट नजर आये। जनजातीय पखवाड़ा पर बच्चों के द्वारा विविध गेम्स तथा रीलो कर्मा नृत्य से सबका मन मोह लिया। फैंसी ड्रेस स्पर्धा ने सबका ध्यान आकर्षित किया। राम, लक्ष्मण सीता, कृष्ण रुक्मणी, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, एकलव्य ने सबका ध्यानआकर्षित किया। संकुल प्राचार्य चेतनलाल साहू के द्वारा न्योता भोज प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य चेतनलाल साहू, संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा, पदमनी ध्रुव, भोगेन्द्र ठाकुर, चुम्मन ध्रुव, जासविन्द मार्कण्डेय, रामबती ध्रुव, लिमेश साहू, पुरूषोत्तम ध्रुव, रुपसिंह विश्वकर्मा, माधकी ध्रुव, टामिन ध्रुव, मदन ध्रुव, रामाधार साहू, विनोद साहू, खोवालाल, भूपेन्द्र ध्रुव, बिसो बाई, आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नेहरू जी के वेष भूषा में सज्जित प्रेमनारायण ध्रुव के द्वारा किया गया।

## बिजली बिल की बढ़त से ग्रामीण परेशान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** बिजली बिल की अधिकता ने ग्रामीणों की बढ़ाई मुश्किलें आम आदमी बिजली बिल की अधिकता से परेशान हैं। हर महीने 1 हजार से 2 हजार 6 हजार बिजली का बिल आ रहा है। इससे आम जनता त्रस्त है। ग्राम मड़ेली के अधिकांश ग्रामीण बढ़े हुए बिजली की दर से काफी परेशान हैं। बेवजह बिजली का बिल महिने दर महीने बढ़ कर आ रहें हैं। इससे आम जनता हलाकान हों रहें हैं। सभी छत्तीसगढ़ वासी बढ़े हुए बिजली बिल से काफी परेशान हैं। शासन जितना सुविधा दे रही है लेकिन बिजली बिल के माध्यम से वसूल कर रही है। एकाएक इस बढ़ोतरी से सब को चौका दिया है। सारी कमाई बिजली बिल पटाने में लग रहा है। कृषि मजदूरी करने वाले ग्रामीण इन दिनों बिजली बिल पटाने में पसीना बहा रहे हैं। वर्तमान में पंखा कूलर बंद पड़ा हुआ है लेकिन किस कारण से बिजली बिल बढ़ रहा है समझ से परे है। बिजली बिल हाफ योजना का कोई जीक्र नहीं किया गया है।जो समझ से परे है। आम आदमी आर्थिक बोझ से दबे जा रहें हैं। बड़े उद्योग पतियों के भार को आम जनता चुका रहे हैं।

**बैठक : समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में प्रभारी प्रबंधक एवं डाटा ऑपरेटरों का प्रशिक्षण**

# जिले में धान खरीदी की तैयारी तेज, लापरवाही पर लगेगी एस्मा और अनुपस्थिति पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज >> गरियाबंद

कलेक्टर भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे जिले के समस्त प्रभारी समिति प्रबंधक एवं डाटा ऑपरेटरों के प्रशिक्षण में आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की धान खरीदी को राज्य शासन ने अत्यावश्यक सेवा अधिनियम एस्मा के तहत शामिल किया है, अतः धान खरीदी में संलग्न कर्मचारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर दी गई जिम्मेदारी गंभीरता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदना सुनिश्चित करें। इस संबंध में उन्होंने कहा कि प्रतिदिन टोकन काटा जा सकता है जो आगामी सातवें दिन के लिए लागू होगा। उन्होंने बताया कि टोकन तुहर हाथ के माध्यम से सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक टोकन काटा जा सकता है एवं समिति में 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक टोकन काटा जा सकता है उन्होंने किसानों को धान बेचने के बाद शेष रकबा समर्पण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए और ऐसे किसानों को अधिक से अधिक रकबा समर्पण करने कहा गया है। प्रशिक्षण में धान खरीदी के संबंध में राज्य शासन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का बारीकी से जानकारी दी गई एवं उनके अनुपालन के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण में बताया गया कि धान आवक से पहले ही नमी का टोकन कटे हुये किसानों के द्वारा लाए गए धान का फड़ में अंदर लाने के एवं गुणवत्ता परीक्षण कर लेवें। तत्पश्चात ही फड़ में धान अंदर करावे। किसी भी स्थिति में समितियों में 05 बजे के बाद धान की खरीदी ना हो। फड में रखे रिजेक्टेड तथा अधिक नमी वाले धान को 05 बजे के पहले उठा लिया जावे ताकि उसी दिन स्टेकिंग कर लिया जावे। किसानों को जारी टोकन के आधार पर धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्र में किसान उपस्थित होने उपरान्त ही किसानों को नया एवं पुराना बारदाना उपलब्ध कराया जाये। किसी भी स्थिति में किसानों को बारदाना खरीदी के पूर्व उपलब्ध नहीं कराया जाये। खरीदी केन्द्रों में सभी पंजी संधारित रखा जाये। टोकन रजिस्टर धान आवक रजिस्टर, बारदाना वितरण रजिस्टर, धान खरीदी रजिस्टर, तौल कांटा रजिस्टर स्टेक रजिस्टर, धान जावक रजिस्टर, निरीक्षण पंजी आदि।

### बचत रकबे का समर्पण किसान की सहमति लेकर करें



कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में धान के बोरों की किस्मवार तथा नए पुराने बारदाने में भर्ती के आधार पर स्टेकिंग की जाये। स्टेन्सील खरीदी केन्द्रों को उपलब्ध करावे गए नए बारदाने में समिति का नाम, पंजीयन नम्बर एवं धान की किस्म की छपाई अनिवार्य रुप से की जावे। धान के बोरो की सिलाई जूट रस्सी (सुतली) से करें। प्लास्टिक के रस्सी का उपयोग नहीं करना है। किसान से धान खरीदी करते समय किसान द्वारा खरीदी के लिए जारी कराए गए टोकन एवं उनके द्वारा प्रस्तुत ऋण पुस्तिका में दर्ज रकबे का मिलान कर लिया जाए। बचत रकबे का समर्पण किसान की सहमति लेकर किया जावे। सभी उपार्जन केन्द्र में औसत अच्छी गुणवत्त के धान के किस्सवार सैम्पल किसानों के अवलोकन के लिए अनिवार्य रुप से प्रदर्शित किया जावे। उपार्जन केन्द्र में नमी की जांच कर किसी भी स्थिति में 14 से 17 प्रतिशत से अधिक नमी का धान क्रय नहीं किया जावे। इलेक्ट्रानिक कांटा बाट इस वर्ष सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए इलेक्ट्रानिक काटा-बाट का ही उपयोग किया जावे। विशेष परिस्थितियों में मैन्युअल काटे बाट का उपयोग अनुविभागीय अधिकारी (स.) के अनुमति से किया जावे।

### कोचिया व बिचोलियों से खरीदी ना करें

सुरक्षा के उपाय आकस्मिक वर्षा से बचने के लिये पर्याप्त मात्रा में डैनेज (प्लास्टिक बोरी,भूसा) के कैप कव्हर व्यवस्था हो साथ ही स्टेक के आस-पास नाली निर्माण कर लिया जावे। धान खरीदी केन्द्र में यदि किसी व्यक्ति द्वारा गांव की औसत उपज से अधिक मात्रा धान विक्रय के लिए टोकन जारी कराया जाता है तो तत्काल इसकी जांच करें कि क्या उस व्यक्ति के पास उपलब्ध धान किसी खरीफ मौसम में उत्पादित धान है। यदि ऐसा ना होकर अन्यत्र तरीकों से एकत्रित धान हो तो किसी भी स्थिति में उक्त धान का क्रय खरीदी केन्द्र में ना किया जाये। पंजीकृत किसानों की सूची सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ऐसे किसानों की सूची जिनके द्वारा विगत वर्ष में धान विक्रय नहीं किया गया था कि सूची उपलब्ध करायी गयी है। उक्त सूची धान खरीदी केन्द्रों में संधारित रखा जाये और ऐसे व्यक्ति के भूमि के विरुद्ध धान विक्रय के लिए किसी के द्वारा टोकन लिया जाता है तो तत्काल संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को अवगत कराये तथा अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा जांच निष्कर्ष अनुसार उस व्यक्ति से धान की खरीदी की जाये। कोचिया बिचोलिया पर नियंत्रण चिल्हर रुप से धान खरीदी करने वाले कोचियों/बिचौलियों के द्वारा समिति में धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में खपाने का प्रयास किया जाता है। ऐसे व्यक्तियों से धान खरीदी ना कर इसकी सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को तत्काल दी जाए। प्रशिक्षण मे जिला पंचायत के सीईओ प्रखार चंद्राकर, सहकारिता के सहायक आयुक्त महेश्वरी तिवारी, जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा धान खरीदी को प्राथमिकता में रखा गया, जिले के ऐसे 27 समिति प्रबंधक जिन्होंने ड्यूटी लगने के उपरांत कल धान खरीदी केंद्रों में उपस्थित नहीं उनको नोटिस जारी किया गया था, जिसमें सभी लोगों का जवाब दिया और आज के प्रशिक्षण में भी उपस्थित हुए।

# शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक हुई

**राजिम।** संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक प्रदेश के प्रांतीय कार्यालय पेंशनबाड़ा रायपुर में हुई जिसमें प्रमुख रूप से संगठन मंत्री ओंकार ठाकुर तथा प्रांतीय अध्यक्ष संजय ठाकुर ने उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अत्यधिक जोर देना है तथा प्रदेश के हर ब्लॉक ,तहसील मुख्यालयों में



सदस्यता अभियान चलाना है। साथ ही साथ संघ के प्रांतीय सम्मेलन जनवरी माह में करने हेतु सहमति बनी है तथा शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए भी संगठन हमेशा आगे रहेगी इस बात पर जोर दिया गया। बैठक में महामंत्री मनोज राय, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष हरी शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता, मनीष देवांगन, सुनील नायक, भुवन सिंह, अवध वर्मा, कांकेर के जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, कोंडागांव के जिला अध्यक्ष निर्मल शार्दुल, महासमुंद के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, रायपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, नोहर लाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिले से सभी सदस्य उपस्थित थे।

# कोपरा में संदीप ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**राजिम।** खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कोपरा सहकारी समिति में धान खरीदी का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, लक्ष्मी माता एवं खाता बही की पूजा की गई पश्चात धान का तौल किया गया। खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने उपस्थित किसानों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर सर्व श्री एनके साहू, समिति अध्यक्ष चतुर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपसिंग साहू, नोगेश्वर साहू, दशरथ यादव, कमलेश साहू, दिलीप सिन्हा, अश्वनी साहू, दिलीप तारक, अजय साहू, दिलीप वर्मा, सहित अनेक किसान उपस्थित थे।



# राजिम स्कूल में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में 3 सौ छात्राएं शामिल

हरिभूमि न्यूज >> राजिम

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में एसएमडीसी अध्यक्ष देवकी साहू के संयोजन में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में 3 सौ छात्राएं शामिल हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुरलीमनोहर देवांगन ने कहा कि हमें अपने आप से ज्यादा कोई दूसरा नही जान सकता।



पर्सेंटेज के पीछे भागते रहने से सफलता अर्जित नहीं की जा सकती बल्कि लक्ष्य बनाकर निरंतर प्रयास करने से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। रसिका पांडे ने रोचक अंदाज में बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी और आपके सोच के बीच कोई नही आना चाहिए। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे है। हमें बेचारी नहीं बनना है बल्कि जो ठान लें उसे करके दिखाना है। महेन्द्र पटेल ने संचालन करते हुए छात्र जीवन में दिनचर्या, समय प्रबंधन, अनुशासन और मोबाइल के सदुपयोग पर प्रकाश डाला। लोकेश्वर साहू ने छात्रों के साथ-साथ पालकों के लिए भी करियर मार्गदर्शन की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दरम्यान छात्राओं ने कैरियर निर्माण पर कई प्रश्न भी पूछे। जिनका वक्ताओ ने जवाब देकर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। सभी वक्ताओं ने छात्र हित में कैरियर गाइडेंस आयोजन की पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद संयोजिका देवकी साहू ने नगर व क्षेत्र में पुनः कैरियर गाइडेंस आयोजन पर जोर देते हुए छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस को अत्यंत प्रभावी बताया। आभार प्राचार्य के के यदु ने किया। कार्यक्रम में संतोष शर्मा, सोमनाथ पटेल, चितरंजन साहू, चेमन साहू, रसिका पांडे मौजूद रहे।

# फूलचंद अग्रवाल कॉलेज में भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह आयोजित



**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, सहायक प्राध्यापक नयना पहाड़िया, प्रीति शाह, डॉ. सारिका साहू, चंद्रहास साहू, अखिलेश शर्मा, डॉ. संतोष शर्मा, ज्ञान प्रकाश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी एवं उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और लोक नायक थे, जिन्हें आदिवासी समाज के द्वारा धरती आबा (पृथ्वी के पिता) के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ मुंडा विद्रोह का नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य यूरोपीय लोगों को खदेड़कर एक स्वतंत्र मुंडा राज्य की स्थापना करना था। उन्होंने धार्मिक और सामाजिक सुधारों को भी बढ़ावा दिया और शराब, जादू टोना जैसी सामाजिक बुराइयों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रमों में कविता, भाषण, अमर गाथा, पोस्टर इत्यादि में क्रमशः खिलेश्वरी, खुशबू लता साहू, गोपेश साहू, लालचंद, निशा ध्रुव, ऐश्वर्या साहू, पूनम देवी, राहुल, रश्मि, सोनल सोनकर ने प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षकों में दीपक साहू, रोहित कुमार, लोमेश कुमार, नुतन कुमार, प्रशांत, पितांबर ध्रुव, आकाश कुमार, निकिता, दीपांजलि साहू सहित बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोनिका ने किया व आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक नयना पहाड़िया ने किया।

# आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया गया

हरिभूमि न्यूज >> नवापारा-राजिम




आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में 1 से 15 नवंबर तक जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नम्मू ठाकुर पार्षद थे। अध्यक्षता मयाराम साहू ने किया। विशेष अतिथि के रूप में कृति बया शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मौजूद रही। अतिथियों का स्वागत बाल कैबिनेट के विद्यार्थियों ने किया तथा प्रधानपाठक ने उन्हें श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया.अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के पूजन अर्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जननायक भगवान बिरसा मुंडा पर निबंध लेखन में उच्च स्थान प्राप्त किया कक्षा पांचवी से शहनाज शहजादी खातून हर्ष बया हिमांशु साहू कक्षा चौथी से प्रोणिता भोई गीतांजली विश्वकर्मा.चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया कक्षा चौथी से कृतिका निर्मलकर पहचान यादव देविका साहू, कक्षा पांचवी से जयंत साहू विक्रम जाटव के चित्र को खूब सराहना मिली। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वेशभूषा डीगेश सिन्हा कक्षा चौथी ने क्रांतिकारी उद्बोधन दिया हर्ष बया पांचवी ने अंग्रेजों के विरुद्ध उनके कार्य की जानकारी दी। कक्षा चौथी के वेद प्रकाश साहू और मजहर खान द्वारा उनके नारे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नम्मू ठाकुर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हमारे देश के बहुत बहादुर और महान आदिवासी नेता थे। उन्होंने हमेशा गरीब और मेहनतकश लोगों की मदद की। अंग्रेजों के खिलाफ अपने लोगों के हक के लिए संघर्ष किया। प्रधानपाठक गोपाल यादव ने कहा कि बिरसा मुंडा बचपन से ही समझदार, साहसी और मेहनती थे। वे प्रकृति से प्यार करते थे और सभी को सच बोलने, मेहनत करने और मिल-जुलकर रहने की सीख देते थे.हमें उनके जीवन से साहस, ईमानदारी और देशभक्ति सीखनी है हम आदिवासी संस्कृति का सम्मान करें। मयाराम साहू पूर्व पार्षद ने कहा कि बिरसा मुंडा अंग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ उन्होंने मुंडा समुदाय को एकजुट किया उलगुलान आंदोलन चलाकर लोगों में जागृति लाई. बिरसा मुंडा प्रकृति से प्रेम करते थे और सादगी से जीवन जीते थे। कार्यक्रम की योजना रचना त्रिपदा बांसवार , एकता शर्मा, योगिता साहू, ईश्वर साहू शिक्षक द्वारा किया गया।

**पृथ्वी फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने कराई जांच**

# मानव सेवा ही ईश्वर सेवा : योगिता सिन्हा

हरिभूम न्यूज >> राजिम

अंचल की प्रतिष्ठित सामाजिक सेवा संस्थान पृथ्वी फाउंडेशन ने आदिवासी बहुल ग्राम फुलझर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों के लिए निःशुल्क बीपी, शुगर, रक्त ग्रुप जांच, फेफड़ा जांच एवं चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में भारी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। खासकर स्कूली बच्चों ने रक्त ग्रुप जानने के लिए उत्साह से जांच कराया। दिन भर चले स्वास्थ्य शिविर में महिला, बुजुर्ग, युवा एवं बच्चों ने पृथ्वी फाउंडेशन की मुहिम की खूब प्रशंसा की। एवं आगामी दिनों में आंख जांच के शिविर आयोजित करने की मांग की। पृथ्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने ग्राम फुलझर में स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के संदर्भ में कहा कि




फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है। मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। पृथ्वी फाउंडेशन विगत वर्ष से शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शिविर के माध्यम से लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श उपलब्ध करा रही है। आगामी दिनों में सुविधा विहीन ग्रामों में शिविर लगाने की योजना है। जिससे वंचित लोगो तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच पाए। फाउंडेशन की वरिष्ठ सदस्य सोनल महाडिक ने कहा कि पृथ्वी फाउंडेशन के माध्यम से गरीब एवं वंचित लोगो की सेवा करने का अवसर मिला है। जो परम परमार्थ का कार्य है। निस्वार्थ भाव से निरंतर सेवा के कार्यों के लिए संकल्पित है।



### ये रहे उपस्थित

ग्राम फुलझर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के अवसर पर पृथ्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा, वरिष्ठ सदस्य सोनल महाड़िक, कल्पना पांडे, अनु शारडा, रुचि सेठ, हर्षा कंसारी, डॉ. डाली सिन्हा, सरपंच संतोष कंवर, तकनीशियन तुषार, कशिश सिन्हा, तोशिबा सिन्हा, ईशान देवांगन, आस्था पॉली क्लीनिक की टीम एवं ग्रामवासी स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411